E-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
संचिका संख्या : 01/के0यो0 (राजस्व शुल्क)– 27/2021 ......979......

प्रेषक,

**ब्रजेश मेहरोत्रा,** भा0प्र0से0
अपर मुख्य सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

1. **उप निदेशक,**
बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना।
2. **सभी अपर समाहर्त्ता,**
बिहार।
3. **सभी जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,**
बिहार।
4. **सभी अंचलाधिकारी,**
बिहार।
5. **सभी प्रभारी पदाधिकारी,**
जिला अभिलेखागार, बिहार।

**पटना, दिनांक :** 02-05-2022

विषय :– राज्य में ऑनलाईन नागरिक सेवाएँ अन्तर्गत DMS (Document Management System) के माध्यम से डिजिटाईज्ड अभिलेखों की Digitally हस्ताक्षरित प्रति उपलब्ध कराने के दृष्टिगत डिजिटाईज्ड अभिलेखों को डिजिटली साईन (Digitally Sign) करने हेतु पदाधिकारियों को प्राधिकृत करने के संबंध में।

प्रसंग :– विभागीय पत्रांक– 371 दिनांक 31.03.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसांगिक पत्र का कृपया संदर्भ किया जाय। प्रसांगिक पत्र के माध्यम से राज्य में ऑनलाईन नागरिक सेवाओं के अन्तर्गत DMS (Document Management System) के माध्यम से डिजिटाईज्ड राजस्व अभिलेखों की Digitally हस्ताक्षरित प्रति उपलब्ध कराने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। साथ ही इन डिजिटाईज्ड अभिलेखों/दस्तावेजों की प्रति मैनुअली हस्ताक्षरित (Manually Signed) प्रति अब रैयतों को उपलब्ध कराने की प्रक्रिया बन्द की गई है।

प्रसांगिक पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है कि इस प्रक्रिया के अन्तर्गत राज्य के नागरिकों द्वारा ऑनलाईन विधि (www.bhuabhilekh.bihar.gov.in) के माध्यम से भू–अभिलेखों की प्राप्ति हेतु आवेदन समर्पित किया जाएगा तथा नागरिकों द्वारा ऑनलाईन विधि से अधियाचित अभिलेखों की संबंधित प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा डिजिटली साईन प्रति ऑनलाईन विधि से ही DMS Portal के माध्यम से आवेदक को उपलब्ध कराया जाना है। ऐसे में ऑनलाईन विधि से अधियाचित अभिलेखों को डिजिटली साईन करने हेतु संबंधित स्तर के पदाधिकारियों को प्राधिकृत करने की आवश्यकता है।

अतः उक्त के आलोक में ऑनलाईन सेवाएँ अन्तर्गत नागरिकों द्वारा अधियाचित भू–अभिलेखों को ऑनलाईन विधि से ही डिजिटली साईन करने हेतु निम्न प्रकार पदाधिकारियों को प्राधिकृत किया जाता है :–

| क्र0 | अभिलेख का प्रकार | डिजिटल हस्ताक्षर युक्त ऑनलाईन प्रति निर्गत करने वाले प्राधिकृत पदाधिकारी का नाम |
|---|---|---|
| 01. | कैडेस्ट्रल सर्वे खतियान | प्रभारी पदाधिकारी जिला अभिलेखागार |
| 02. | रिविजनल सर्वे खतियान | प्रभारी पदाधिकारी जिला अभिलेखागार |
| 03. | चकबन्दी खतियान | प्रभारी पदाधिकारी जिला अभिलेखागार |
| 04. | जमाबंदी पंजी | अंचल अधिकारी |
| 05. | दाखिल खारिज पंजी | अंचल अधिकारी |
| 06. | बन्दोबस्त भूमि पंजी | अंचल अधिकारी |
| 07. | म्युनिशिपल सर्वे रिकॉर्ड | प्रभारी पदाधिकारी जिला अभिलेखागार |
| 08. | गैरमजरूआ आम/खास/कैसरे-ए-हिन्द पंजी | अंचल अधिकारी |
| 09. | Land Ceiling Settlement Registers | प्रभारी पदाधिकारी जिला अभिलेखागार |
| 10. | Land Ceiling Record (Finally adjudicated) | प्रभारी पदाधिकारी जिला अभिलेखागार |
| 11. | Register Related to Land Purchase | अंचल अधिकारी |
| 12. | Home stead Parcha Registers | अंचल अधिकारी |
| 13. | Return Submitted by Ex-Itermediary/Zamindars | प्रभारी पदाधिकारी जिला अभिलेखागार |
| 14. | Zamindari Compensation Records | प्रभारी पदाधिकारी जिला अभिलेखागार |
| 15. | Rent Fixation Records | प्रभारी पदाधिकारी जिला अभिलेखागार |
| 16. | All Records related to Land Acquisition | जिला भू-अर्जन पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी जिला अभिलेखागार |
| 17. | खास-महाल पंजी | अपर समाहर्त्ता/प्रभारी पदाधिकारी जिला अभिलेखागार |
| 18. | Case Records Started U/s Section-103-106, 108 & 108 A of the Bihar Tenancy Act | प्रभारी पदाधिकारी जिला अभिलेखागार |
| 19. | Register-D | प्रभारी पदाधिकारी जिला अभिलेखागार |
| 20. | Cess Fixation Registers (1942) | प्रभारी पदाधिकारी जिला अभिलेखागार |
| 21. | Touji Roll | प्रभारी पदाधिकारी जिला अभिलेखागार |
| 22. | भू-सम्पदा पंजी | प्रभारी पदाधिकारी जिला अभिलेखागार |
| 23. | Records Related to Land Auction before Vesting of Zamindari | प्रभारी पदाधिकारी जिला अभिलेखागार |
| 24. | सैरात पंजी | अंचल अधिकारी |
| 25. | Mutation correction slip | अंचल अधिकारी |
| 26. | Maps | उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना |

2. उक्त के आलोक में संबंधितों को निदेश है कि इस प्रक्रिया अन्तर्गत अधियाचित अभिलेखों को ससमय डिजिटली साईन (Digitally Sign) करना सुनिश्चित किया जाय।

3. वैसे प्राधिकृत पदाधिकारी जिन्हें डिजिटाईज्ड अभिलेखों पर डिजिटली साईन (Digitally Sign) करना है तथा उनके पास DSC-III (Digital Signature Certificate) उपलब्ध नहीं है, वे तत्काल DSC-III का निर्माण भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशायल, बिहार, पटना से समन्वय स्थापित कर कराना सुनिश्चित करेंगे।

4. अधियाचित अभिलेखों के उपलब्ध डिजिटाईज्ड प्रति को डिजिटली साईन (Digitally Sign) करने संबंधी प्रक्रिया (Oprating Mannual) DMS Portal www.bhuabhilekh.bihar.gov.in पर उपलब्ध है।

विश्वासभाजन

29/4/22

(ब्रजेश मेहरोत्रा)
अपर मुख्य सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांक : 01/के0यो0 (राजस्व शुल्क)– 27/2021 ....979.... पटना, दिनांक : 02-05-2022

**e-Mail**

**प्रतिलिपि** : सभी समाहर्त्ता, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि विभागीय पत्रांक– 371 दिनांक 31.03.2022 का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय।

29/4/22

अपर मुख्य सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांक : 01/के0यो0 (राजस्व शुल्क)– 27/2021 ....979.... पटना, दिनांक : 02-05-2022

**e-Mail**

**प्रतिलिपि** : सभी प्रमंडलीय आयुक्त, बिहार को सूचनार्थ एवं अपने स्तर से भी अनुश्रवण करने हेतु प्रेषित।

29/4/22

अपर मुख्य सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांक : 01/के0यो0 (राजस्व शुल्क)– 27/2021 ....979.... पटना, दिनांक : 02-05-2022

**प्रतिलिपि** : निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना/निदेशक, भू–अर्जन–सह–अपर सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/4/22

अपर मुख्य सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांक : 01/के0यो0 (राजस्व शुल्क)– 27/2021 ....979.... पटना, दिनांक : 02-05-2022

**प्रतिलिपि** : माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/4/22

अपर मुख्य सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांक : 01/के0यो0 (राजस्व शुल्क)– 27/2021 ....979.... पटना, दिनांक : 02-05-2022

**प्रतिलिपि** : आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना/प्रभारी आई0टी0 कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय तथा निदेशालय के बेवसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

29/4/22

अपर मुख्य सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग